आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
गुरूवार 19.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देहरादून के तीन दिवसीय दौरे पर। कल ''राष्ट्रपति निकेतन'' में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश में लम्बे समय से गैरहाजिर चल रहे चिकित्सकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
- केदारनाथ यात्रा में अब तक तीन अरब का कारोबार, 11 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन।
- बदरीनाथ के देव दर्शनी में तीर्थयात्रियों को जाम से मिलेगी निजात। देश के सर्वाधिक ऊंचाई वाले स्थान पर पहली बार शुरू हुई फास्टैग सेवा।

**<u>राश्ट्रपति देहरादून दौरा</u>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय दौरे पर आज देहरादून पहुंची। जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। श्रीमती मुर्मू आज राष्ट्रपति निकेतन में विश्राम करेंगी। वे कल राष्ट्रपति निकेतन में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू 132 एकड़ में विकसित होने वाले राष्ट्रपति उद्यान– पारिस्थितिकीय पार्क की आधारशिला भी रखेंगी। गौरतलब है कि राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन को आम जनता के लिए 24 जून से खोला जा रहा है। इस बीच, राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर देहरादून में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

**<u>स्वास्थ्य मंत्री</u>**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश में लम्बे समय से गैरहाजिर चल रहे चिकित्सकों के ख़िलाफ़ ठोस कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित चिकित्सकों को शीघ्र नियुक्ति देने को भी अधिकारियों से कहा। आज देहरादून में शासकीय आवास पर डॉ. रावत ने स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर उन्हें जरूरी निर्देश दिये।

## मुख्यमंत्री बैठक

आगामी 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में ठोस और नवाचारपरक प्रस्ताव तैयार करने और राज्य में बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आगामी 24 जून को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक आयोजित होगी। इसी के तहत मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय की भावना के अनुरूप ऐसे ठोस और नवाचारपरक प्रस्ताव तैयार करने को कहा, जो प्रदेश के समग्र, सतत और संतुलित विकास को नई गति प्रदान कर सकें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में बच्चों के पोषण, शारीरिक और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को नियमित रूप से कुपोषण और एनीमिया के मामलों की समीक्षा करने तथा बच्चों की स्थिति में सुधार के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के अंतर्गत अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता के लिए 112 हेल्पलाइन नंबर का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता आवश्यक समय पर इस सुविधा का लाभ ले सके।

## पुलिस जनता दरबार

बागेश्वर के पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के नेतृत्व में कोतवाली परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलेभर से आए व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, वरिष्ठ नागरिकों और आमजन ने अपनी समस्याएं रखीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार में प्रमुख रूप से नशामुक्त बागेश्वर अभियान को लेकर चर्चा हुई। स्थानीय नागरिकों और संगठनों ने क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त की और इससे निपटने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की मांग की। साथ ही यातायात व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, सायबर क्राइम और बाजार की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी सुझाव दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच की दूरी को कम करना और पारदर्शिता के साथ जनसुनवाई करना रहा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर उचित मांग और शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।

**केदारनाथ यात्रा–मजबूत आर्थिकी**

केदारनाथ धाम यात्रा तीर्थाटन के साथ ही आर्थिकी के नए कीर्तिमान रच रही है। दो मई को बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद अब तक 48 दिनों में 11 लाख 40 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इस दौरान यात्रा मार्ग पर घोड़े–खच्चर, डंडी–कंडी, हेली सेवा, होटल–रेस्टोरेंट और अन्य सेवाओं के जरिये करीब तीन अरब रुपये का कारोबार हुआ है। स्थानीय लोगों को भी इससे व्यापक रोजगार मिला केदारनाथ यात्रा में अब तक 2 लाख 27 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने घोड़े–खच्चरों के माध्यम से यात्रा की है, जिससे लगभग 66 करोड़ 74 लाख रुपये की आय हुई।

डंडी–कंडी सेवा से भी यात्रा को मजबूती मिली है। इस साल 7 हजार से अधिक डंडी–कंडी संचालक पंजीकृत हैं, जिनके जरिये 2 करोड़ 2 लाख रुपये की आय अर्जित हुई।

हेली सेवा भी सुगम तीर्थयात्रा का अनुभव दे रही है। 49 हजार 247 श्रद्धालु, अब तक हेली सेवा से केदारनाथ पहुंचे हैं, जिससे करीब 60 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। वर्तमान में 8 हेली कंपनियां 9 हेलीपैड से सेवाएं दे रही हैं।

शटल सेवा भी यात्रियों के लिए एक बड़ा सहारा बनकर सामने आई है। सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक तीर्थयात्रियों को लाने के लिये 225 वाहन पंजीकृत हैं और इनके माध्यम से अब तक 11 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई हुई है।

केदारपुरी में ठहरने की व्यवस्था जीएमवीएन और स्थानीय व्यापारियों द्वारा की जाती है। होटल, रेस्टोरेंट और टेंट व्यवसायियों ने अब तक 150 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है।

**फास्टैग बदरीनाथ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य की चार धाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए संसाधनों का विकास किया जा रहा है। इसके तहत अब बदरीनाथ धाम में नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से लिए जाने वाले ईको पर्यटन शुल्क के भुगतान की प्रक्रिया को सरल किया गया है। धाम में नगर पंचायत की ओर से फास्टैग की सुविधा का आज चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने वर्चुअली शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री वाहनों से ईको पर्यटन शुल्क लिया जाता है। इसे अभी तक नगद और क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा के साथ संचालित किया जा रहा था। लेकिन तीर्थयात्रियों की अधिक आमद से बदरीनाथ धाम की यात्रा के दौरान देव दर्शनी में जाम की स्थिति बन रही थी। इसे देखते हुए अब ईको पर्यटक शुल्क के भुगतान के लिए फास्टैग सुविधा का संचालन शुरु कर दिया गया है। नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि बदरीनाथ धाम की यात्रा में दिनों दिन हो रही बढ़ोतरी के चलते ईको पर्यटक शुल्क के भुगतान के लिए तीर्थयात्रियों को परेशानियों का सामाना करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए नगर पंचायत ने योजना बनाकर एक कंपनी के तकनीकी सहयोग से देश के सर्वाधिक ऊंचाई वाले स्थान पर इस सुविधा का

संचालन शुरु किया है। उन्होंने बताया कि अब तीर्थयात्रियों को धाम में प्रवेश के समय परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**नशा मुक्त भारत अभियान**

केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चम्पावत जिले के गौरलचौड़ मैदान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन एवं पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष श्याम नारायण पाण्डेय ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने कहा कि युवा में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को रोकना होगा, ताकि प्रधानमंत्री के युवा भारत व विकसित भारत के लक्ष को को पूरा किया जा सके। समाज कल्याण के प्रभारी अधिकारी निरंकार मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं, एसएसबी के जवानों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संस्थाओं और विभागों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने मादक पदार्थो व नशीली दवाओं के सेवन के दुष्परिणामों और इससे बचाव के बारे में जानकारी दी।

**योगाभ्यास पौड़ी**

पौड़ी जिले में गढ़वाल राइफल रेजिमेंटल सेंटर, लैंसडाउन में आज विशेष योगाभ्यास सत्र आयोजित किया गया। सत्र में डेढ़ हजार से अधिक सैन्य अधिकारियों और जवानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट कुलदीप सिरोही ने कहा कि योग से कई रोग दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिये। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थलों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है।